तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 9 जुलाई 2024

4 जय जगन्नाथ के जय घोष के साथ श्रद्धालुओं ने की पुष्प वर्षा






# NEET/JEE में सलेक्शन नहीं तो फीस नहीं : PCI भिलाई

जो स्टूडेन्ट NEET व JEE की तैयारी करना चाहते हैं। उनके लिए सुनहरा अवसर है क्योंकि 15 जुलाई से नया बैच प्रारंभ होने जा रहा है जिसका नाम NEET व JEE जूनून बैच है।

इस बैच में पढने वाले स्टूडेन्ट को NEET व JEE में चयन होने के बाद ही फीस लिया जाता है यह बैच सीमित स्टूडेन्ट के लिए है केवल 40 स्टूडेन्ट ही इस बैच में पढाई करेंगे। इस बैच में प्रत्येक दिन 6 घंटे की क्लास व 3 घंटे की डाऊट क्लास इस तरह प्रत्येक दिन 9 घंटे की क्लास होगी। हर रविवार NEET व JEE आधारित साप्ताहिक टेस्ट होगी। इस बैच में पढाने वाले शिक्षकगण दिल्ली व कोटा के विषय विशेषज्ञ डाक्टर्स व आईआईटियन्स है। स्टूडेन्ट को क्लास में DPP, कम्पलीट स्टडी मटेरियल पैकेज, बैग, टी शर्ट दी जायेगी। लाइब्रेरी व छात्रावास की भी सुविधा है। कोर्स कम्प्लीट उपरान्त स्टूडेन्ट को ऑल इण्डिया टेस्ट सीरीज कराया जायेगा। बच्चों को मोटिवेशनल क्लास भी कराया जाता है जिससे उनमें आत्मविश्वास जागृत होती है।

जूनून बैच जैसे कि नाम से विदित हो रहा है कि सभी स्टूडेन्ट का नीट व जेईई में चयन कराना यह ऐसा बैच है जिसका सलेक्शन रेशियो 100% होता है। PCI भिलाई का उद्देश्य है कि हर स्टूडेन्ट देश के प्रतिष्ठित एम्स कॉलेज व आई.आई.टी. कॉलेज में पढ़ाई करें।

जूनून बैच के स्टूडेन्ट ने पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ में सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर एक अलग पहचान बनाया है जो छत्तीसगढ़ में एक अतुल्य परिणाम है।

आज नीट व जेईई में चयन होना बहुत ही आसान है। इसके लिए स्टूडेन्ट को प्रतिदिन 6 घंटे क्लास व 3 घंटे डाऊट क्लास अटेण्ड करना है। DPP को प्रैक्टीस करना है व डाऊट पूछना है। हर संडे टेस्ट देना है।

बस इतना कार्य स्टूडेन्ट ईमानदारी से कर लेता है तो उसे नीट व जेईई में सलेक्शन होने से कोई नहीं रोक सकता, बस यही सफलता का मूलमंत्र है। तो चलो स्टूडेन्ट आज ही जूनून बैच ज्वाइन करें व सफलता का इतिहास गढ़े।

**PCI संस्था भिलाई में शॉप नं. 133 न्यू सिविक सेंटर, भिलाई में संचालित होती है। मो.नं.- 7805888600.**

Advt.


## खबर संक्षेप



### निगम आयुक्त ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

**रायगढ़।** निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी ने सोमवार की सुबह शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर रखने के निर्देश दिए। सबसे पहले राजापारा राजमहल क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। इसके बाद उन्होंने गांधी चौकए हांडी चौक और चक्रपथ का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मोहल्ले वासियों से कचरा गाड़ी समय पर आनेए समय पर पानी चालू होने पर्याप्त पानी मिलने सहित सफाई व्यवस्था पर चर्चा की। इस पर लोगों से मिले फीडबैक के अनुसार शहर की सफाई व्यवस्था को और बेहतर करने के निर्देश सहायक स्वास्थ्य अधिकारी रमेश तांती को दिए। निरीक्षण के दौरान स्वच्छ सर्वेक्षण के दिशा निर्देश पर भी चर्चा की गई और आवश्यकता के कार्यों को तुरंत शुरू करने के निर्देश तकनीकी विभाग को दिए गए।

### मुंबई हावड़ा मेल में सफर कर रहे यात्री की मौत

**रायगढ़।** पश्चिम बंगाल निवासी युवक एक साल पहले काम करने के लिए मुंबई गया था, जहां वह काम खत्म कर मुंबई हावड़ो मेल से वापस आ रहा था।



सफर के दौरान ही उसकी तबीयत बिगड़ी और वह अचेत हो गया। जब ट्रेन रायगढ़ स्टेशन पहुंची तो चिकित्सक ने प्राथमिक जांच के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। ऐसे मे जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया और मर्ग कायम करते हुए पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए शव को परिजनों को सौंप दिया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मोमीन शेख पिता सिराज शेख उम्र 20 वर्ष निवासी लखनपुर मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल करीब एक साल पहले मुंबई काम करने के लिए गया था। जहां करीब 8 माह से उसे सीने में दर्द की शिकायत थी। शनिवार को वह मुंबई से पश्चिम बंगाल जाने के लिए मुंबई हावड़ा मेल से रवाना हुआ। जहां सफर के दौरान उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और वह अचेत हो गया। उस वक्त रायगढ़ स्टेशन में चिकित्सक ने प्राथमिक जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### कुसमुरा में खुड़खुड़िया जुआ खेल रहे तीन गिरफ्तार

**रायगढ़।** अवैध शराब, जुआ सट्टा पर प्रभावी कार्रवाई करने कोतरारोड़ पुलिस द्वारा क्षेत्र में सतत पेट्रोलिंग कर सक्रिय मुखबीरों से प्राप्त सूचना पर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 8 जुलाई की रात्रि थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी को मुखबीर से ग्राम कुसमुरा में कुछ लोग खुडखुडिया पट्टी बिछाकर जुआ खेलने की सूचना मिली। थाना प्रभारी द्वारा टाउन पेट्रोलिंग और गस्त के लिये उपस्थित आये जवानों की टीम बनाकर कार्यवाही के लिए ग्राम कुसमुरा रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा मुखबीर के बताये स्थान की घेराबंदी कर खुडखुडिया में रुपए लगाकर जुआ खेल रहे 3 युवक डोलनारायण चौहान पिता डहरू राम चौहान उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम कुसमुरा थाना कोतरारोड़ हेमंत सिदार पिता हीरालाल सिदार उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम कोतरा थाना कोतरारोड़ जितेन्द्र सिदार पिता दुखीराम सिदार उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम कुसमुरा थाना कोतरारोड़ को पकड़ा गयाए कुछ लोग मौके से भाग निकले थे। पुलिस टीम ने आरोपियों से जुआ सामाग्री और नकदी 1020 को आरोपियों से जप्त कर थाना लाया गया। आरोपियों के कृत्य पर थाना कोतरारोड़ में धारा 4,6,क छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत गैर जमातीय कार्यवाही किया गया है।

### साफ्टवेयर में सुधार करने की मांग पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे पटवारी

# भुइयां साफ्टवेयर में तकनीकी त्रुटियां बनी पटवारी व किसानों की परेशानी का सबब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भुइयां साफ्टवेयर में शुरू सें ही कई तरह की खामियां देखने को मिल रही है। किंतु अब तक इन तमाम खामियों को दूर नहीं किया गया है। ऐसी स्थिति में कई बार इसमें नाम तो कई बार खसरे नंबर व कई बार रकबा ही या तो बदल जाता है या तो गायब हो जाता है। ऐसी स्थिति में किसानों को तो परेशानियां उठानी पड़ती ही हैं, पटवारी भी इससे समस्या में आ जाते हैं। यही वजह है कि पटवारियों के हड़ताल की वजह हर बार यही भुइयां साफ्टवेयर बनता है।

वर्तमान में भी भुइंया साफ्टवेयर में कई तरह की तकनीकी खामियों को जल्द दूर करने की मांग पर पटवारी फिर एक बार अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर कर दिया, जिसकी वजह से तहसील कार्यालयों में काम अटक गया है। मिनी स्टेडियम में प्रदेश व्यापी हड़ताल पर बैठै राजस्व पटवारियों ने बताया कि ऑनलाईन नक्शा बटांकन, संशोधन पहले पटवारी आईडी में संशोधित कर राजस्व निरीक्षक की आईडी में भेजा जाता है। जिसके कारण जब तक राजस्व निरीक्षक आईडी से अनुमोदन नहीं होता, तब तक उसी नक्शे से संबंधित अन्य बटांकन या संषोधन नहीं किया जा सकता। जिसके कारण अनावश्यक विलंब होता है एवं पटवारी द्वारा अनुमोदन के लिये भेजा गया नक्शा बटांकन प्रस्ताव पटवारी आईडी में नहीं दिखता। सामान्यतः नक्शा का सर्वर अधिकांशतः नहीं खुलता है और खुलता भी है तो अत्यंत ही धीमा रहता है। प्रत्येक नक्शा बटांकन पश्चात दोबारा लॉगिन करना पड़ता है। छोटी छोटी समस्या के लिये प्रोग्रामरों के निर्देशन की आवश्यकता पड़ती है ऐसे में बार बार पटवारियों को रायपुर तक दौड़ लगानी पड़ती है। भूमि के क्रय विकय में जितने रकबा का बिक्री होता है, उसका उल्लेख ऑनलाईन में नहीं होता। पटवारी को मैन्युअली ऑनलाईन भुईया पोर्टल में रकबा दर्ज करना पड़ता है, जिसमें वृटि की पूर्ण संभावना होती है और भुईयां में एक बार प्रविष्टि करने के बाद संशोधन का विकल्प नहीं होता। ऑनलाईन रजिस्ट्री होने के बाद नामांतरण हेतु पटवारी आईडी में आता है, जिसमे क्रेता विक्रेता से संबंधित सभी जानकारी अंग्रेजी में दर्ज रहता है। जिसको हिन्दी में टाईप करना पड़ता है जिसके कारण कई बार समस्याओं का सामना करना पड़ता है।



मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे पटवारी।

#### अपने आप बदल रहे खसरे के नंबर

कुछ दिनों पूर्व खसरों का पुनः क्रमांकन किया गया। जिसके बाद रजिस्ट्रियॉं भी हुई हैं, नामांतरण भी हुआ है। किंतु वर्तमान में संबंधित खसरा पुनः पूर्व भूमि स्वामी के नाम से दर्ज हो गया है। शामिल नंबरों को अलग अलग करने का आदेश किये बिना ही खसरा नंबरों को अलग कर दिया गया, जिसमें रकबा शून्य प्रदर्षित हो रहा है जो कि त्रुटिपूर्ण दिखा रहा है।

#### हर बार अलग फान्ट का उपयोग

वर्ष 2014 में जब भुईयां ऑफलाईन किया गया था तब विभिन्न प्रकार की एन्ट्री के लिये जिस्ट टायपिंग टूल का इस्तेमाल किया जाता था जबकि वर्तमान में गूगल इंडिक फॉन्ट का इस्तेमाल किया जाता है जिसके कारण भी विभिन्न प्रकार की त्रुटियां सृजित हुई जिसमें सीधे सीधे पटवारियों को दोषी माना जा रहा है। वर्तमान में भुईयां साफटवेयर किस ब्राउजर एवं किस प्रकार के कम्प्यूटर कॉनफिगरेशन में चलेगा इसमें भी संदेह है। कभी इंटरनेट एक्सप्लोरर, कभी मोजिला, फायरफाक्स, क्रोम में कार्य करने की सलाह दी जाती है जिससे परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

#### हर खसरे का अलग खाता सृजन

डायवर्सन रिकार्ड कृषक के खाते में दर्ज करते समय अगर संबंधित कृषक के पास एक से अधिक खसरा नंबर का खाता है तो डायवर्सन दर्ज करने के पश्चात समस्त खसरा नंबर का एक खाता न बनकर प्रत्येक खसरा नंबर का अलग अलग खाता सृजित होता है। खसरा नंबर के खाते में ही भूमि स्वामी का नाम दर्ज हो रहा है, शेष खसरा नंबरों के खाते में भूमि स्वामी का नाम दर्ज नहीं हो रहा है। जिससे भूमि स्वामी अनावश्यक रूप से परेशान हो रहे हैं। विक्रय भूमि का नामांतरण करते समय विक्रेता का एक ही खसरा नम्बर का खाता हो तो क्रेता के खाते के पक्ष में नामांतरण करने पर उक्त खाते में क्रेता के साथ विक्रेता का नाम भी दर्ज हो जाता है जो कि गंभीर त्रुटि है।



## पीएचई ने 135 ठेकेदारों के 100 करोड़ के बिल का भुगतान रोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- विभाग को भुगतान करने 15 दिनों की दी मोहलत, नहीं तो काम बंद

पीएचई विभाग में जल जीवन मिशन के तहत कार्य करने वाले ठेकेदारों को बीते करीब 6 माह से भुगतान नहीं किया गया है। ऐसे में अब सोमवार को ठेकेदारों ने विभाग को ज्ञापन सौंप कर बिल का भुगतान करने 15 दिनों की मोहलत दी है। भुगतान नहीं होने की स्थिति में काम बंद करने की चेतावनी दी गई है।

इस संबंध में ठेकेदारों ने संचालक, जल जीवन मिशन और कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि विभाग द्वारा बीते करीब 6 माह के बिल का करीब 70 फीसदी भुगतान नहीं किया गया हैं। वहीं दिसबंर 2023 से अब तक जो नए बिल विभाग को सौंपे गए हैं, उसका एक फीसदी भी भुगतान नहीं हुआ है। ठेकेदारों ने बताया कि विभाग द्वारा बिल का भुगतान नहीं करने पर जिले के करीब 135 ठेकेदारों को जल जीवन मिशन का कार्य करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में ठेकेदारों ने विभाग को 15 दिनों के भीतर बिलों का भुगतान करने की चेतावनी दी है। इस दौरान ठेकेदारों ने बताया कि विभाग द्वारा करीब 80 से 100 करोड़ रूपए का भुगतान करना शेष है। भुगतान नहीं होने पर काम बंद करने की चेतावनी दी गई है। ऐसी स्थिति में आने वाले समय में जल जीवन मिशन कार्य में बांधा उत्पन्न हो सकती है।

## सावधान! नौ से अधिक सिम ली तो लगेगा दो लाख जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



- नए एक्ट में सजा का प्रावधान
- दूसरे के आधार व अन्य दस्तावेज से प्राप्त सिम नहीं रख सकेंगे

अब आपको अपने दस्तावेज व नाम की सिम का ही उपयोग करना होगा। दूसरे के दस्तावेज से ली गई सिम का उपयोग गैर कानूनी करार दिया गया है। यदि आपने नौ से ज्यादा सिम ले ली तो दो लाख रुपए तक का जुर्माना लग सकता है। सिम लेने पर बायोमैट्रिक सत्यापन अनिवार्य किया गया है। टेली कयुनिकेशन सेवा लेने वाले व्यक्ति को खुद की संपूर्ण जानाकरी सही देनी होगी।

देश में अब कोई भी व्यक्ति अपने नाम व दस्तावेज के आधार पर मोबाइल की अधिकतम 9 सिम उपयोग में ले सकेगा। जमू.कश्मीर, उत्तर व पूर्वी भारत में सिर्फ छह सिम ही रखी जा सकेगी। किसी दूसरे के दस्तावेज या आधार कार्ड से सिम लेकर उपयोग करने को गैर कानूनी करार दिया गया है। नए टेली कयुनिकेशन एक्ट 2024 में यह बदलाव किए गए हैं। कोई भी व्यक्ति खुद के नाम व दस्तावेज से अधिकतम 9 सिम ले सकेगा।

सरकार को यदि कहीं मोबाइल टॉवर लगाने की जरूरत महसूस होती है तो वह प्रोपर्टी मालिक की बिना मर्जी के भी मोबाइल टॉवर लगा सकेगी। आपताकालीन परिस्थिति या युद्ध के हालात में सरकार कभी भी किसी भी क्षेत्र का सपूर्ण टेली कयुनिकेशन बंद कर सकेगी। देश की सुरक्षा के संदर्भ में मैसेज को ऑब्जर्व व रीड भी कर सकेगी। कोई भी कंपनी किसी व्यक्ति की बिना मर्जी के व्यावसायिक मैसेज नहीं भेज सकेगी। इसके लिए सिम धारक की अनुमति आवश्यक होगी। टेली कंपनियों से डिजिटल भारत निधि के नाम पर फण्ड लिया जाएगा। जिसका उपयोग ग्रामीण क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क सुविधा बढ़ाने में किया जाएगा। कोई भी कंपनी सरकार की अनुमति के बिना निजी ऑफिस या किसी भी स्थान पर किसी डिवाइस के जरिए मोबाइल नेटवर्क या टेली कयुनिकेशन सेवा सस्पैंड या रोक नहीं सकेगी।

### डब्ल्यूटीपी एवं एसटीपी के लिए हो पर्याप्त बिजली सप्लाई

**रायगढ़।** निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी ने विद्युत विभाग एवं निगम विद्युत विभाग की संयुक्त बैठक ली। इस दौरान उन्होंने शहर के सभी घरों में पर्याप्त जल आपूर्ति एवं नालों के पानी का शुद्धिकरण पर्याप्त हो इसके लिए वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट एवं सीवर ट्रीटमेंट प्लांट दोनों जगह पर्याप्त बिजली आपूर्ति करने की बात कही। बैठक में कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने कहा कि 32 एमएलडीए 17 एमएलडी एवं 9 एमएलडी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से पर्याप्त पानी की शुद्धिकरण की प्रकिया के लिए सुबह और रात लगातार 10.10 घंटे विद्युत आपूर्ति की आवश्यकता होती है। इससे ही शहर के सभी पानी टंकियों में पर्याप्त पानी भरता है और पर्याप्त पानी की सप्लाई सभी घरों में होती है। इसी तरह शहर के नदी के दोनों छोर के 6.6 कुल 12 नालों के सीवर वाटर को 7 एवं 25 एमएलडी सीवर ट्रीटमेंट प्लांट में शुद्धिकरण करने के बाद इसे नदी में छोड़ा जाता है। दोनों प्लांट को पर्याप्त विद्युत आपूर्ति नहीं होने की स्थिति में उक्त दोनों कार्य ही प्रभावित होते हैं। इसलिए सेपरेट फीडर से डब्ल्यूटीपी और एसटीपी के सभी प्लांट में विद्युत सप्लाई की व्यवस्था करने की बात कही गई। इसी तरह सड़कों पर प्रकाश व्यवस्था बहाल रहे।

## अग्नि वीर परीक्षा के चयनित अभ्यर्थियों को ओपी ने दिया मार्गदर्शन

**रायगढ़।** अग्नि वीर भर्ती की लिखित परीक्षा में चयनित हुए जिले के अभ्यर्थियों को मार्गदर्शन देने वित्त मंत्री ओपी चौधरी उनके बीच पहुंचे। उन्होंने कहा लिखित परीक्षा के बाद फिजिकल टेस्ट काफी महत्वपूर्ण पड़ाव है। इसके लिए सही ट्रेनिंग जरूरी होती है।

जिला प्रशासन द्वारा ट्रेनिंग की व्यवस्था की जा रही है इसका पूरा लाभ उठाएं और चयन परीक्षा में अपना शत प्रतिशत दें। गौरतलब है कि दिसम्बर माह में रायगढ़ में अग्निवीर भर्ती का आयोजन होने जा रहा है। रायगढ़ जिले के लिखित परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों के फिजिकल टेस्ट के पूर्व उन्हें पुलिस विभाग के ट्रेनर्स के द्वारा ट्रेनिंग दी जाएगी।



इस संबंध में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ सभी जरूरी इंतजाम करने के निर्देश दिए है। जिला पंचायत के सभाकक्ष में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बच्चों को अग्नि वीर में चयन के लिए बधाई देते हुए कहा कि फिजिकल टेस्ट के मापदंडों के अनुरूप सही ट्रेनिंग बहुत आवश्यक है यह आपको न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत बनाता है जिससे आप फिजिकल टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है की जिला प्रशासन द्वारा अग्निवीर में चयनित अभ्यर्थियों के लिए ट्रेनिंग मॉड्यूल तैयार किया जा रहा है। जिसमें आपके रहने खाने का निःशुल्क इंतजाम किया जाएगा। यह सुनहरा मौका है इसका अधिक से अधिक लाभ उठाएं। जिससे आपका चयन सुनिश्चित हो। अग्नि वीर में चयन से न केवल आपको देश सेवा का अवसर मिलेगा बल्कि आर्थिक संबल के साथ सैन्य अनुशासन भी आप सीख सकेंगे ।

## रायगढ़ की गुमशुदा नाबालिग कोरबा से बरामद, दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर गुम इंसान की खोज का विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें जूटमिल पुलिस ने गत माह 26 गुम इंसानों को ढूंढ निकाली और कल एक गुम नाबालिग की कोरबा जिले से दस्तयाबी में सफलता मिली है।



गुम बालिका के संबंध में 18 मार्च को बालिका के पिता द्वारा थाना जूटमिल में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी लड़की 17 वर्ष, 7 माह की स्थानीय दुकान में काम करती थी। 14 मार्च को रोज की भांति सुबह काम पर गई थी और शाम तक वापस नहीं आई। उसके दुकान जाकर पता करने पर पता चला कि शाम करीब 6 बजे लड़की दुकान से घर के लिए निकल गई थी। घरवालों ने लड़की की सहेलियों और आसपास पता कियाए लड़की का पता नहीं चलने पर रिपोर्ट दर्ज कराया गया। बालिका की गुमशुदगी पर थाना जूटमिल में धारा 363 आईपीसी के तहत अज्ञात व्यक्ति पर पंजीबद्ध किया गया। गुम नाबालिक की पतासाजी दौरान लड़की के साथ काम करने वाली लड़कियों से पूछताछ करने पर युवक त्रिदेव महंत के साथ लड़की की मित्रता की जानकारी मिली।

### तीन साल से ड्यूटी से नदारद 66 डाक्टरों को नोटिस, रायगढ़ का भी चिकित्सक शामिल

**रायगढ।** सरकार ने गैरजिम्मेदार डॉक्टरों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। स्वास्थ्य विभाग ने कई दिनों से ड्यूटी से गायब रहने वाले राज्य के 66 डॉक्टरों को नोटिस जारी किया है। नोटिस में सभी डॉक्टरों से उनकी अनुपस्थिति का कारण पूछा गया है। ऐसा नहीं किए जाने पर उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की बात कही गई है। मामले में अनुपस्थित डॉक्टरों की विभागीय जांच होने और आरोप सही पाए जाने पर सेवा समाप्ति की कार्रवाई की जाएगी। इस सूची में रायगढ़ से डाक्टर प्रशांत कुमार का नाम भी शामिल है जो एक नवंबर 2021 से ड्यूटी से नदारद है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कार्यालय प्रमुख से प्राप्त जानकारी अनुसार आप अपने पदस्थापना स्थल से दिनांक से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित है। ऐसे शासकीय सेवको के विरूद्ध छग शासन सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र कमांक एफ में उल्लेख है कि एक माह या उससे अधिक समय तक अनाधिकृत अनुपस्थित को सिविल सेवा पेंशन नियम 1976 के नियम 27 सहपठित मूलभूत नियम 17.ए के अधिन सभी उद्देश्यों के लिए सेवा से व्यवधान माना जाए।

### रामनिवास चौक पर धरने पर बैठ कांग्रेसियों ने की नारेबाजी

# बिजली की कीमतों में बढ़ोतरी व अघोषित कटौती पर कांग्रेस का जिलेभर में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला सहित राज्य में बिजली की कीमतों में हाल में ही बढ़ोत्तरी की गई है, वहीं लगातार मैटेनेंस के नाम पर अघोषित बिजली कटौती की गई है। जिसके विरोध में सोमवार को एक दिवसीय कांग्रेस ने प्रदेशव्यापी प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

रायगढ़ के अलावा सारंगढ़, लैलूंगा, धरमजयगढ़, खरसिया, घरघोड़ा समेत सभी ब्लॉको में कांग्रेस का एकदिवसीय प्रदर्शन आयोजित किया गया था। ज्ञात हो कि हाल में ही विद्युत नियामक आयोग द्वारा बिजली की कीमतों में बढ़ोत्तरी की गई है। जिसकी वजह से अब पुनः एक बार आम लोगों को बिजली का झटका लगा है। सोमवार को कांग्रेसियों ने रामनिवास टॉकिज चौक में प्रदर्शन करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ विद्युत उत्पादन में अग्रणी तथा विद्युत आपूर्ति में सरप्लस है, किंतु इसके बाद भी लगातार बिजली की कीमतों में सरकार द्वारा वृद्धि की जा रही है। प्रदेशवासियों को सस्ते दर पर बिजली उपलब्ध कराने के बजाए सरकार लगातार बिजली कीमतों में बढ़ोत्तरी कर केवल अपना खजाना भरना चाहती है। कांग्रेसियों ने कहा कि सरकार सत्ता में आने के बाद से प्रदेश की आमजनता को लूटने में लगी है। भाजपा की सरकार भले ही सिर्फ 8 फीसदी बिजली के बिल में बढ़ोत्तरी की बात कहती है, लेकिन बीते कुछ माह से बिजली की दरों में दो से अधिक की वृद्धि हुई है। कांग्रेस की सरकार में विपरित परिस्थितियों के बाद भी बिजली बिल हाफ योजना के तहत प्रदेशवासियों को राहत देने का काम किया गया। इस योजना से करीब 40 लाख से अधिक उपभोक्ताओं का सलाना 50 हजार रूपए तक की बचत होती थी। किंतु अब लगातार बिजली की कीमतों में बढ़ोत्तरी से उनके जेब पर डाका पड़ने लगा है।



#### बिजली कटौती का केन्द्र बना प्रदेश

कांग्रेसियों ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि जब से भाजपा की सरकार प्रदेश की सत्ता में आई है। तब से लगातार अघोषित बिजली कटौती का सिलसिला शुरू हो गया है। मामूली आंधी व बारिश में भी बिजली गुल होती है, फिर बिजली आपूर्ति बहाल होने में ही कई घंटों का वक्त लग जाता है। इससे यह प्रतीत होता है कि प्रदेश की सरकार बिजली व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने में नाकाम साबित हो रही है। जिसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़

#### पूर्व में सौपा गया ज्ञापन

ज्ञात हो कि बीते माह काफी आंधी तूफान व बारिश की वजह से करीब 26 से 36 घंटे तक शहर सहित जिले के अलग अलग क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की व्यवस्था बाधित हुई थी। वहीं दिन भर में कई बार अघोषित बिजली कटौती भी होती रही। आलम यह रहा है कि रात व दिन में कई बार बिजली गुल होती रही। इस दौरान कांग्रेसियों ने विद्युत विभाग को ज्ञापन सौंप कर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी थी।



### कबाड़ और टायर दुकानों में भी डेंगू लार्वा की हो रही जांच

**रायगढ़।** निगम प्रशासन द्वारा 48 वार्डों में डेंगू के रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु विशेष अभियान के तहत सोर्स रिडक्शन एवं लार्वा सर्वे का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में कबाड़ एवं टायर दुकानों में भी जांच की जारी है, ताकि समय रहते डेंगू को पूर्ण रूप से खत्म किया जा सके। जोन क्रमांक 03 सफाई दरोगा कविता बेहरा एवं उनकी टीम द्वारा कबाड़ी दुकानों एवं टायर की दुकानों में ठहरे हुए पानी की जांच की गई। इस दौरान डेंगू के लक्षण एवं समाधान की भी सभी को जानकारी दी गई।

8-JULAY- Jash-RGH-CORIYA-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 7/8/2024 8:21 PM Page 1





# सिंगर नहीं पुजारी बनने के लिए घर से भागे थे कैलाश

**मुंबई।** कैलाश खैर का नाम बॉलीवुड के पॉपुलर सिगर्स की लिस्ट में शुमार हैं। आज उनका बर्थडे है। क्या आप ये जानते हैं कि कैलाश कभी सिगर बनना ही नहीं चाहते थे बल्कि वो पुजारी बनने के लिए छोटी सी उम्र में घर छोड़कर भाग गए थे। कैलाश खका जन्म 7 जुलाई को दिल्ली में हुआ था। उनके पिता एक लोक गायक थे। दरअसल कैलाश जब कैलाश खेर 14 साल के थे। तो घर से पुजारी बनने के लिए ऋषिकेश भाग गए। वहां कुछ दिन रहने के बाद उन्हें समझ आ गया कि ये सब उनके लिए नहीं है। इस चीज से वो एक दिन इस कदर निराश हो गए थे कि उन्होंने गंगा नदी में कूदकर आत्महत्या करने की कोशिश की।

## लाइफ Style



# रश्मिका

## 'कुबेर' का पहला टीजर जारी

साउथ फिल्म इंडस्ट्री से लेकर बॉलीवुड तक एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना अपनी खास पहचान बना चुकी हैं। बीते साल रणबीर कपूर के साथ आई ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एनिमल' की सफलता के बाद एक्ट्रेस काफी डिमांड में हैं। उनके हाथ बॉलीवुड के एक और बड़ी फिल्म हाथ लगी है।

एजेंसी ⏭ मुंबई


सलमान खान के साथ अगली फिल्म 'सिकंदर' में नजर आएंगी। इससे पहले उनकी एक और फिल्म सुर्खियों में है। रश्मिका और धनुष स्टारर फिल्म 'कुबेर' को लेकर काफी बज़ है। अब इस फिल्म का पहला लुक सामने आ गया है। शुक्रवार को मेकर्स और रश्मिका ने फिल्म का पहला टीजर रिलीज कर दिया है। 5 जुलाई को रश्मिका ने अपने सोशल मीडिया पर फिल्म का टीजर शेयर किया जिसमें वह एक अलग अंदाज में नजर आ रही हैं। 'कुबेर' का ये टीजर वीडियो 48 सेकेंड का है जिसमें काफी सस्पेंस बना हुआ है। फिल्म 'कुबेर' में रश्मिका मंदान और धनुष के अलावा नागार्जुन अक्किनेनी भी नजर आने वाले हैं। इसका निर्देशन कमान शेखर कम्मुला ने किया है। ये एक पैन इंडिया फिल्म होगी जो हिंदी, अंग्रेजी, तमिल और तेलुगु भाषा में रिलीज होगी। फिलहाल अभी फिल्म की रिलीज डेट सामने नहं आई है। वीडियो में रश्मिका आधी रात में एक जंगल जैसी गुमनाम जगह पर जाती हैं, अपने आसपास देखती हैं और फिर जमीन खोदना शुरू करती हैं। जमीन से एक सूटकेस निकालती हैं जिसमें ढेर सारे पैसे भरे होते हैं। उसे देख वह खुशी हो जाती हैं और भगवान को हाथ जोड़ते हुए धन्यवाद देती हैं। इस पूरे सीन से फिल्म को लेकर काफी सस्पेंस बना हुआ है।

## हॉलीवुड मसाला



# ऑस्कर विजेता जॉन नहीं रहे...

**लॉस एंजिलस।** ऑस्कर विजेता निर्माता जॉन लैंडौ, जिन्होंने फिल्म निर्माता जेम्स कैमरून के साथ मिलकर फिल्म 'टाइटैनिक' और 'अवतार' के लिए काम किया था। उनका कैंसर के कारण निधन हो गया। वह 63 वर्ष के थे। निधन से पहले लैंडौ ने 'अवतार 2' सीक्वल के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था। 1997 में रिलीज हुई 'टाइटैनिक' को लैंडौ और कैमरून की बदौलत सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार और तीन ऑस्कर जीते। इस जोड़ी ने अब तक रिलीज हुई सबसे ज्यादा कमाई करने वाली चार फिल्मों में से तीन साथ में बनाई है।




# जॉन सीना ने की डब्ल्यूडब्ल्यूई से संन्यास की घोषणा...

**लॉस एंजिलस।** पहलवान और अभिनेता जॉन सीना ने डब्ल्यूडब्ल्यूई से संन्यास की घोषणा कर दी है। जॉन साल 2001 से डब्ल्यूडब्ल्यूई से जुड़े हुए है और 16 बार वर्ल्ड चैंपियन का खिताब जीत चुके हैं। जॉन सीना ने एलान करते हुए कहा कि वो रेसलमेनिया 2025 के बाद डब्ल्यूडब्ल्यूई से संन्यास ले रहे हैं। जॉन सीना को लोग 23 साल से भी ज्यादा समय से रिंग में पहलवानी करते हुए देख रहे हैं और जब अगले साल वो आखिरी बार रिंग में उतरेंगे तो उनके चाहने वालों के लिए वो भावुक कर देना वाला पल होने वाला है। मालूम हो कि जॉन सीना डब्ल्यूडब्ल्यूई में 2018 से पार्ट-टाइम ही नजर आ रहे हैं। उन्हें अक्सर एक तौलिया के साथ देखा जाता रहा है, जिस पर 'कभी हार ना मानो' लिखा होता था, लेकिन इस बार उनके तौलिया पर लिखा था- 'अब आखिरी बार है'। जॉन सीना ने अपने संन्यास की घोषणा 'मनी इन द बैंक' के दौरान की, जो डब्ल्यूडब्ल्यूई की एक रेसलिंग प्रतियोगिता है।



# भड़के डॉक्टर: कहा- जेल भेजना चाहिए...

**मुंबई।** बीते कुछ सालों से सामंथा रुथ प्रभु मायोसाइटिस बीमारी से जूझ रही हैं। उन्होंने इसका इलाज भी कराया है और अब वह स्वस्थ्य हैं। बीते दिनों एक्ट्रेस को सामान्य वायरल हो गया था। इसके लिए उन्होंने लोगों को बिना जरूरत के दवाई लेने से मना करते हुए लोगों को नेबुलाइजर में हाइड्रोजन पेरोक्साइड और डिस्टिल्ड वॉटर का इस्तेमाल कर इलाज का उपाय बता रही थीं। उन्होंने कहा था कि इसका उपयोग करने से तुरंत आराम मिलता है और ये अनावश्यक दवाओं से बचता है। सामंथा के इस उपाय को लेकर एक डॉक्टर ने इस तरह की खतरनाक टिप्स देने पर उनकी जमकर आलोचना की और सामंथा को हेल्थ और साइंस का अज्ञानी बताते हुए लिखा कि लोगों की जिंदगी खतरे में डालने पर सामंथा पर फाइन लगना चाहिए या जेल भेजा जाना चाहिए।



# 'सिकंदर' में नजर आएंगे सत्यराज व प्रतीक

**मुंबई।** अभिनेता सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'सिकंदर' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म के निर्देशन की कमान एआर मुरुगडॉस ने संभाली है, वहीं साजिद नाडियाडवाला इस फिल्म के निर्माता हैं। 'सिकंदर' में सलमान के साथ अभिनेत्री रश्मिका मंदाना नजर आएंगी और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। ताजा खबर यह है कि प्रतीक बब्बर और सत्यराज फिल्म 'सिकंदर' की स्टार कास्ट में शामिल हो गए हैं। 'सिकंदर' की शूटिंग का पहला शेड्यूल खत्म हो चुका है। यह फिल्म अगले साल ईद के खास मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। नाडियाडवाला ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर प्रतीक और सत्यराज की कुछ तस्वीरें साझा की हैं।

## टीवी मसाला



# तारक मेहता में 'मिसेज सोढ़ी' से लेकर 'टप्पू' के किरदार में अब नए चेहरे..

**मुंबई।** कॉमेडी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' हमेशा चर्चा में बना रहता है। ये शो पिछले 15 सालों से दर्शकों को एंटरटेन करता हुआ आ रहा है। तारक मेहता शो में दिलीप जोशी को जेठालाल की भूमिका में देखा जाता है। जेठालाल तो इस शो की जान हैं। वहीं मुनमुन दत्ता तारक मेहता शो में बबीताजी की भूमिका में दिखाई देती हैं। बबीता जी पर जेठालाल जान न्योछावर करने को भी तैयार रहते हैं।

***इन कलाकारों को किया गया रिप्लेस:*** इस शो में पिछले सालों में कई बदलाव हुए हैं। जी हां आपको बता दें कि 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में अभी तक कई किरदारों को रिप्लेस किया जा चुका है। इस लिस्ट में सबसे पहला नाम टप्पू का आता है। टप्पू को शो में फैंस काफी पसंद करते हैं। इस रोल को सबसे पहले भव्य गांधी निभा रहे थे। बाद में इस रोल को राज अनादकट और अब फिर उनकी जगह नीतीश भलूनी ने ले ली है।

***मिस्टर एंड मिसेज सोढ़ी :*** इसके अलावा शो में मिसेज रोशन सोढ़ी का रोल जेनिफर बंसीवाल निभा रही थीं लेकिन उन्होंने इस शो को अलविदा कह दिया और अब मोनाज मेवावाला इस किरदार में दिखाई दे रही हैं। लिस्ट में आगे नाम है रोशन सिंह सोढ़ी का रोल निभाने वाले एक्टर गुरुचरण सिंह का, जी हां उन्होंने शो छोड़ दिया था जिसके बाद इस रोल को लाड सिंह ने निभाया था, लेकिन उन्होंने भी शो को छोड़ दिया था फिर अब बलविंदर सिंह रोशन सोढ़ी का किरदार निभा रहे हैं।

## बचपन में ही घर छोड़कर भाग गई थीं शहनाज

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 13' में अपनी चुलबुली अदाओं से दिल जीतने वाली शहनाज गिल अपने फैंस के दिलों पर खूब राज करती हैं, लेकिन एक टाइम ऐसा था जब शहनाज ने दर-दर की ठोकरें खाई हैं। शहनाज गिल ने आज अपनी मेहनत के दम पर टीवी से लेकर बॉलीवुड में अपनी खास पहचान बना ली है लेकिन एक समय ऐसा था जब इंडस्ट्री में नाम बनाने के लिए एक्ट्रेस बचपन में ही घर से भाग गई थी। शहनाज को हमेशा से खुद पर भरोसा था कि उनके सपने एक ना एक दिन पूरे हो जाएंगे। पंजाब की कैटरीना कैफ के नाम से खुद को बुलाने वाली एक्ट्रेस शहनाज को असली पहचान बिग बॉस से मिली है। बिग बॉस के घर के अंदर भी शहनाज ने बताया था कि, 'जब वह शूटिंग के लिए घर से निकलती थी, तो कोई भी उन्हें सेट तक छोड़ने के लिए तैयार नहीं होता था। घर में बहुत हंगामा होता था। इसके बाद करीब 3-4 साल तक घरवालों से उन्होंने सारे रिश्ते खत्म कर लिए थे।



# आलिया व शरवरी की फिल्म से उठा पर्दा: टाइटल हुआ रिलीज...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट अक्सर अपने धमाकेदार फिल्म को लेकर चर्चा में रहती हैं। इसी बीच आलिया और शरवरी की फिल्म का टाइटल रिलीज किया गया है। दरअसल, आलिया भट्ट आदित्य चोपड़ा की वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स की



पहली फीमेल लीड फिल्म एक्ट्रेस हैं। इसी बीच मेकर्स ने वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो के बैकग्राउंड में आलिया भट्ट की आवाज सुनाई दे रही है। वहीं बता दें, यशराज फिल्म्स अपने स्पाई यूनिवर्स को और भी बड़ा कर रहा है। अब तक उनके बैनर तले 'वॉर' से लेकर 'टाइगर' और 'पठान' जैसी कई फिल्में बन चुकी हैं, जिसमें शाहरुख खान से लेकर सलमान खान और ऋतिक रोशन जैसे सेलेब्स दमदार एक्शन करते हुए नजर आए थे। ऐसे में अब यशराज के सबसे बड़े यूनिवर्स में बॉलीवुड एक्ट्रेसेज आलिया और शरवरी का नाम भी जुड़ गया है।

***देश के दुश्मनों से भिड़ेंगी आलिया-शरवरी वाघ :*** इस फिल्म में आलिया भट्ट और शरवरी वाघ देश के दुश्मनों से भिड़ती नजर आएंगी। हालांकि, वायआरएफ ने ये कदम समाज में उस गलतफहमी को तोड़ने के लिए उठाया है कि केवल पुरुष ही अल्फा हो सकते हैं। ऐसे में अब 'अल्फा' का पहला वीडियो आते ही सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

# रणवीर चुराते थे निर्माताओं के फोन नंबर बदला सरनेम, बेच चुके हैं चिकन...

**मुंबई।** रणवीर सिंह आए दिन किसी न किसी वजह से चर्चा में रहते हैं। वह फिल्म इंडस्ट्री का वो नाम हैं, जिन्होंने अपने दम पर अपनी एक खास पहचान बनाई है। रणवीर आज यानी 6 जुलाई को अपना 39वां जन्मदिन मनाया। रणवीर ने बताया था कि कॉलेज के दिनों में पार्ट टाइम नौकरी करने के दौरान वह बटर चिकन बेचते थे और बनाया भी करते थे। वे अमेरिका की स्टारबक्स कैफे में पार्ट टाइम नौकरी भी करते थे। उस दौरान वह एक विज्ञापन एजेंसी में बतौर राइटर काम करते थे।

***असली सरनेम सिंह नहीं.... :*** बहुत कम लोग इस बात से वाकिफ होंगे कि रणवीर का सरनेम सिंह नहीं, बल्कि भवनानी है। फिल्मों में आने से पहले ही उन्होंने अपना सरनेम बदल दिया था।



दरअसल, एक इंटरव्यू में उन्होंने इसका खुलासा किया था कि यह सरनेम उनके नाम के साथ काफी बड़ा हो रहा था। ऐसे में उन्होंने इस बदलकर सिंह कर लिया। उन्हें लोग रणवीर सिंह के नाम से ही जानते हैं। रणवीर भवनानी से कोई नहीं जानता।

***लोगों के फोन से चुराते थे निर्माताओं के नंबर:*** रणवीर ने बताया था कि वह प्रोडक्शन हाउस में जाकर अपना पोर्टफोलियो दिया करते थे, लेकिन निर्देशक उसे कचरे के डब्बे में फेंक देते थे। एक समय उन्होंने उम्मीद छोड़ दी थी कि वो हीरो बन पाएंगे। काम की तलाश में रेस्तरां और नाइट क्लब में वह निर्माताओं का पीछा किया करते थे, ताकि उन्हें फिल्मों में एक बार मौका मिल जाए। वह फिल्मों में एक मौका पाने के लिए लोगों के फोन से निर्माताओं के नंबर चुराया करते थे।

***कॉलेज के दिनों में बेचा चिकन :*** रणवीर ने बताया था कि कॉलेज के दिनों में पार्ट टाइम नौकरी करने के दौरान वह बटर चिकन बेचते थे और बनाया भी करते थे। जब उन्होंने अमेरिका की इंडियाना यूनिवर्सिटी में एडमिशन लिया था, तब उन्होंने अभिनय और थिएटर के गुर सीखना शुरू किए।

***बॉलीवुड से पुराना नाता :*** रणवीर का 50 के दशक की अभिनेत्री चांद बर्क से बहुत करीबी नाता है, जिन्हें राज कपूर ने फिल्मों में ब्रेक दिया था। रणवीर इन्हीं के पोते हैं।

## ज्यादातर फिल्में सिनेमाघरों का रुख करेंगी, वहीं कुछ ओटीटी पर भी दस्तक देंगी

# इस माह रिलीज होने वाली हैं कई बड़ी फिल्में, इन सितारों पर लगा है दांव


*जून में कई फिल्में दर्शकों के बीच आईं। कुछ सफल रहीं तो कुछ असफल। हालांकि, 'कल्कि 2898 एडी' के साथ इस महीने का अंत धमाकेदार रहा। अब जुलाई में भी सिनेप्रेमियों को कई बढ़िया फिल्मों की सौगात मिलने वाली है। ज्यादातर फिल्में सिनेमाघरों का रुख करेंगी, वहीं कुछ ओटीटी पर भी दस्तक देंगी। जुलाई के महीने में कई सितारों की किस्मत दांव पर लगी है। आइए जानते हैं जुलाई में कितनी फिल्में रिलीज हो रहीं जो आपका मनोरंजन करेंगी।*

### 'औरों में कहां दम था'




इस साल के पहले 6 महीने में 'शैतान' और 'मैदान' जैसी फिल्मों के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करने वाले दमदार अभिनेता अजय देवगन फिल्म 'औरों में कहां दम था' लेकर आ रहे हैं। उनकी इस फिल्म ने 5 जुलाई को सिनेमाघरों का रुख किया। नीरज पांडे ने इसका निर्देशन किया है। फिल्म में अजय की जोड़ी तब्बू के साथ बनी है, वहीं जिमी शेरगिल भी इसमें एक खास भूमिका निभाने वाले हैं।

### 'किल'



यह फिल्म इसलिए भी चर्चा में है, क्योंकि करण जौहर और गुनीत मोंगा ने मिलकर इसे बनाया है। टीवी के जाने-माने अभिनेता लक्ष्य लालवानी इसके जरिए बॉलीवुड में अपनी शुरुआत कर रहे हैं। यह कई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सवों में वाहवाही लूट चुकी है। फिल्म के ट्रेलर ने दर्शकों का ध्यान खींचा है। राघव जुयाल और तान्या मणिकतला भी इसका हिस्सा हैं। यह फिल्म भी 5 जुलाई को ही सिनेमाघरों में रिलीज हुई है।

### 'सरफिरा'



अक्षय कुमार की बड़े बजट की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' इस साल ईद के मौके पर रिलीज हुई थी, लेकिन इसने बॉक्स ऑफिस पर अपना कमाल नहीं दिखाया। अब वह फिर 'सरफिरा' के साथ रुपहले पर्दे पर अपनी वापसी के लिए तैयार हैं। राधिका मदान और परेश रावल फिल्म में अक्षय के साथ अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। यह फिल्म 12 जुलाई को सिनेमाघरों में आएगी।

### 'इंडियन 2' और 'बैड न्यूज'

अक्षय का सामना बॉक्स ऑफिस पर कमल हासन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'इंडियन 2' से होने वाला है। दरअसल, यह फिल्म भी 12 जुलाई को ही सिनेमाघरों में आएगी। फिल्म में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई की एक कहानी दिखाई जाएगी। फिल्म का ट्रेलर और इसमें कमल का धांसू अवतार दर्शकों को बेहद पसंद आया है। उधर फिल्म 'बैड न्यूज' सिनेमाघरों में 19 जुलाई को आएगी। इसके लिए पहली बार विक्की कौशल, तृप्ति डिमरी और एमी विर्क की तिकड़ी साथ आई है।



### 'ककुड़ा' और 'वाइल्ड वाइल्ड पंजाब'

सोनाक्षी सिन्हा, रितेश देशमुख और साकिब सलीम की फिल्म 'ककुड़ा' 12 जुलाई को जी 5 पर रिलीज होगी। उधर वरुण शर्मा, सनी सिंह, पत्रलेखा और जस्सी गिल की चर्चित कॉमेडी फिल्म 'वाइल्ड वाइल्ड पंजाब' 10 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है।



